बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm- 57
26/01/2020

मुख्यमंत्री ने अपने आवास में झंडोत्तोलन किया, बच्चों को मिठाई खिलाई

पटना, 26 जनवरी 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने आवास, 1 अण्णे मार्ग में झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सशस्त्र टुकड़ियों की सलामी ली तथा उपस्थित लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बच्चों को जलेबी खिलाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, अपर सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय श्री चन्द्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित कई वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

******